● bordernewsmirror@gmail.com
● पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
● द्विभाषिक समाचार पत्र

BORDER NEWS MIRROR BNM to the point...

02 नवादा जेल में डीएम एसपी ने की छापेमारी, दिए गए निर्देश

04 छठ पर्व पर साफ-सफाई की करें व्यवस्था: जिलाधिकारी



# बॉर्डर न्यूज़ मिरर

...खबरों से समझौता नहीं

● पटना, रविवार, 12 नवम्बर 2023 | www.bordernewsmirror.com | ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए ● वर्ष: 04, अंक: 275


## राष्ट्रपति ने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को दीपावली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा, "दीपावली के शुभ अवसर पर, मैं भारत और विदेश में रहने वाले सभी साथी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। दीपावली हर्ष और उल्लास का त्योहार है। यह अंधकार पर प्रकाश की, बुराई पर अच्छाई की और अन्याय पर न्याय की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। विभिन्न धर्मों और आस्थाओं के लोग इस त्योहार को मनाते हैं और प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश फैलाते हैं। यह त्योहार दयालुता, सकारात्मकता और समृद्धि का प्रतीक है। दीपावली का त्योहार हमारी अंतरात्मा को प्रकाशित करता है और हमें मानवता के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है।"

# कांग्रेस व BRS से सावधान रहे तेलंगाना: मोदी

**बीएनएम@नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि तेलंगाना की जनता को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बीआरएस की तरह ही कांग्रेस का इतिहास भी दलितों और पिछड़ों से नफरत का रहा है। मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार में भी कांग्रेस और बीआरएस एक जैसे हैं। बीआरएस सरकार ने भ्रष्टाचार में दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के साथ गठबंधन किया। वे शराब घोटाले में शामिल हैं। वे काम में नहीं बल्कि भ्रष्टाचार में सहयोग करते हैं।

प्रधानमंत्री तेलंगाना में सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में मडिगा आरक्षण संघर्ष समिति (एमआरपीएस) द्वारा आयोजित एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। मडिगा



सामुदायिक संगठन तेलुगु राज्यों में अनुसूचित जाति के सबसे बड़े घटकों में से एक है। इस दौरान मोदी के साथ मंच पर मौजूद समिति के संस्थापक अध्यक्ष मंदा कृष्णा मडिगा के आंसू छलक पड़े। इस पर मोदी ने उनका कंधा थपथपा कर सांत्वना दी और उन्हें सहयोग का विश्वास दिलाया।

मोदी ने कहा कि बीआरएस की तरह ही कांग्रेस का इतिहास भी दलितों और पिछड़ों से नफरत का रहा है। प्रधानमंत्री ने डॉ भीमराव आंबेडकर, बाबू जगजीवन राम, रामनाथ कोविंद, हीरालाल सामरिया, द्रौपदी मुर्मू और जीतन राम मांझी आदि दलित नेताओं से जुड़ी घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बाबू जगजीवन राम को कांग्रेस के अपमान का सामना करना पड़ा। मोदी ने कहा कि बीआरएस ने नया संविधान मांगकर बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भाजपा ने रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया, तो कांग्रेस ने उन्हें हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी। इसी प्रकार जब एक आदिवासी महिला को भारत का पहला आदिवासी राष्ट्रपति बनाने का प्रस्ताव रखा तो कांग्रेस ने द्रौपदी मुर्मू का भी विरोध किया। जब दलित सरकारी अफसर हीरालाल सामरिया को चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर बनाया गया तो कांग्रेस ने उनके शपथ समारोह का भी विरोध किया। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि एक दलित अफसर इतना बड़ा सरकारी पद पर जाए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तेलंगाना के गठन के लिए संघर्ष के समय आपसे वादा किया गया था कि एक दलित तेलंगाना का पहला सीएम होगा। हालांकि, तेलंगाना के गठन के बाद केसीआर ने दलित आकांक्षाओं को कुचलते हुए सीएम की सीट संभाली। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों, नेताओं ने एससी समुदाय मडिगा को धोखा दिया, मैं उनके पाप के लिए माफी मांग रहा हूं।

## कपड़ा फाड़ राजनीति मप्र का भला नहीं कर सकती: शाह

भोपाल। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश में तीन परिवार हैं, पहला कमलनाथ का, बंटाधार दिग्विजय का, तीसरा राहुल व सोनिया गांधी का गांधी परिवार। यहां आदेश गांधी परिवार का चलता है, निर्देश कमलनाथ का चलता है और गलती होने पर चांटा दिग्विजय सिंह को लगा देते हैं। ये कपड़ा फाड़ राजनीति मध्य प्रदेश का भला नहीं कर सकती।

केन्द्रीय गृह मंत्री शाह शनिवार को धार जिले के मनावर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कमलनाथ को यहां अपना नेता बनाया है। लेकिन वो आपके भले के लिए काम नहीं करेंगे, क्योंकि उनके मन में है नकुलनाथ को मुख्यमंत्री बनाना और सोनिया गांधी के मन में है, राहुल गांधी को प्रधानमंत्री



बनाना। जो अपने बेटे-बेटियों के लिए काम करते हैं वो देश और प्रदेश का कभी भला नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि इस बार मध्य प्रदेश तीन दीपावली मनाएगा। एक दीपावली कल मनाएंगे, दूसरी तीन दिसंबर को यहां भाजपा सरकार बनने के बाद और तीसरी दीपावली आपको 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मनानी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भारतीय संस्कृति का अपमान किया है। नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में राममंदिर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया, महाकाल लोक बनाया, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाया, बाबा केदारधाम और मां विंध्यवासिनी के तीर्थ क्षेत्र बनाएं, करतारपुर साहिब कॉरिडोर बनाया, कश्मीर में मां शारदा पीठ की पुनर्प्रतिष्ठा की और नए संसद भवन में सेंगोल लगाकर भारतीय संस्कृति के सम्मान का काम किया।

शाह ने कहा कि कांग्रेस दलित और आदिवासी विरोधी है। ये इतने साल सत्ता में रहे, लेकिन इन्होंने कभी किसी ट्राइबल को राष्ट्रपति नहीं बनाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडीशा की गरीब घर की ट्राइबल बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर देशभर के आदिवासियों का सम्मान बढ़ाया।

## दीपावली पर पाकिस्तान ने रिहा किए 80 भारतीय मछुआरे

चंडीगढ़। पाकिस्तान ने दीपावली के अवसर पर 80 भारतीय मछुआरों को रिहा किया है। ये मछुआरे अटारी-बाघा सीमा के रास्ते शुक्रवार देर रात भारतीय सीमा में दाखिल हुए। बीएसएफ टीम द्वारा सभी मछुआरों की जांच की जा रही है।

वर्ष 2019 में ये मछुआरे गलती से भारतीय सीमा पार कर पाकिस्तान में प्रवेश कर गए थे। जहां पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इनमें से ज्यादातर मछुआरे गुजरात के रहने वाले हैं।

सजा पूरी होने के बाद इन्हें भारत आने की अनुमति मिली। शुक्रवार को वह अल्लामा इकबाल एक्सप्रेस ट्रेन से लाहौर पहुंचे। जहां पाकिस्तान के अधिकारी उन्हें वाघा बॉर्डर लेकर पहुंचे। इसके बाद उन्हें बीएसएफ रेंज



अटारी वाघा बॉर्डर पर अधिकारियों को सौंप दिया गया। बीती देररात सभी मछुआरों को बार्डर से अमृतसर के रंजीत एवेन्यू में एकत्र किया गया। यहां सभी मछुआरों के सामान की जांच करने के अलावा उनकी बॉडी स्कैन की गई। फिलहाल सभी मछुआरों को भारत सरकार ने अमृतसर रेड क्रॉस भवन में रखा है। रविवार को उन्हें अमृतसर रेलवे स्टेशन से ट्रेन के जरिए उनके गृह राज्य गुजरात के लिए रवाना किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने एलएन मिश्रा संस्थान के शैक्षणिक भवन का किया उद्घाटन



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के नवनिर्मित शैक्षणिक भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग एवं टेक्निकल बिल्डिंग के विभिन्न कक्षों, कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। सीएम ने ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान की छात्राओं द्वारा तैयार की गयी रंगोली का भी अवलोकन किया।

साथ ही मुख्यमंत्री ने ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के परिसर में स्थापित स्व. ललित नारायण मिश्रा जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

**मुश्किल** त्योहार पर घर जाने की होड़ में बढ़ी परेशानी

## घर जाने के लिए ट्रेनों में धक्का-मुक्की, 1 की मौत

सूरत। सूरत रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह बिहार जा रही ट्रेन के लिए यात्रियों की अप्रत्याशित भीड़ के कारण धक्का-मुक्की में 5 से अधिक लोग बेहोश हो गए। पुलिस ने इन्हें सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की। दो लोगों की हालत अधिक गंभीर होने पर उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया, इनमें एक की मौत की जानकारी है। घटना की जानकारी मिलने पर केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री दर्शना जरदोश भी हॉस्पिटल पहुंच गई हैं।

दिवाली और छठ पूजा पर सूरत से बिहार, यूपी और एमपी जाने के लिए सूरत रेलवे स्टेशन पर पिछले दो दिनों से लोगों की जबर्दस्त भीड़ उमड़ पड़ी है। हजारों की संख्या में लोग ट्रेनों के जनरल से लेकर स्लीपर और अन्य बोगियों में अंदर जाने की जद्दोजहद में



बेहोश हो रहे हैं। शनिवार को 5 से अधिक लोग भीड़ में दब कर बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद रेलवे पुलिस ने उन्हें सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की।

गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने बताया कि अत्यधिक भीड़ की वजह से यह हालात पैदा हुए हैं। दिवाली के त्योहार के कारण अचानक पब्लिक बढ़ने पर पुलिस उन्हें कंट्रोल करने की कोशिश कर रही है। सूरत रेलवे स्टेशन पर पुलिस बल बढ़ाया जाएगा।

घटना की जानकारी मिलने पर केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री दर्शना जरदोश स्मीमेर हॉस्पिटल पहुंची हैं। सूरत रेलवे स्टेशन पर भीड़ की धक्का-मुक्की में दबने से मृत व्यक्ति के भाई और घायल महिला से उन्होंने मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। मंत्री ने मृतक के परिवारजनों को उचित मुआवजा देने का भरोसा दिया।

रेलवे पुलिस उपाधीक्षक डीएच गौर ने बताया कि हालात को देखते हुए 75 से अधिक पुलिसकर्मियों को सूरत रेलवे स्टेशन पर तैनात किया गया है। यात्रियों को कतार में बोगी तक पहुंचने की व्यवस्था की गई है।

# पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के वेतन भुगतान को लेकर सचेतक विरोधी दल ने सरकार को घेरा

बीएनएम@किशनगंज

विधान पार्षद सह सचेतक विरोधी दल डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने विधान परिषद में ध्यान आकर्षण प्रस्ताव पेश कर सरकार से त्रिस्तरीय पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के बकाया वेतन भत्ता भुगतान और उसमे बढ़ोतरी की मांग की है।

डॉ. जायसवाल ने कहा कि राज्य में विगत दो वर्षों से पंचायती राज व्यवस्था के सभी कार्य लगभग ठप पड़े हुए हैं। आए दिन राज्य भर के वार्ड सदस्य, उप मुखिया, मुखिया, पंचायत समिति एवं जिला परिषद् के सदस्यगण जिला मुख्यालय एवं राजधानी पटना के सड़कों पर आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 का पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों का अभी तक का मानदेय भत्ता की राशि जनप्रतिनिधियों के खाते में नहीं गई है और मंहगाई बढ़ने के बावजूद भी करीब-करीब दस वर्षों से पंचायती राज के प्रतिनिधियों का मानदेय भत्ता में सरकार द्वारा कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

उन्होंने पूछा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पंचायती राज प्रतिनिधियों के प्रति सरकार उपेक्षापूर्ण नीति अपना रही है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के सर्वथा प्रतिकूल है। डॉ. जयसवाल ने आंदोलित जनप्रतिनिधियों की मांग के अनुरूप मानदेय भत्ता में वृद्धि किए जाने तथा बकाया राशि का शीघ्र भुगतान की व्यवस्था किए जाने की मांग की है जिसके जवाब में विभागीय मंत्री द्वारा यह बताया गया की राज्य के कुल 2,46,868 जनप्रतिनिधियों में से 2,31,993 जनप्रतिनिधियों को दिसम्बर 2022 से मार्च 2023 तथा 2,19,013 जनप्रतिनिधियों के बैंक खाते में अप्रैल से जुलाई 2023 तक का नियत (मासिक) भत्ता का भुगतान किया जा चुका है। शेष को भुगतान किया जा रहा है। साथ ही विभागीय पत्रांक 7194 28.06.2023 द्वारा सभी जिलों को दिसम्बर 2022 से पूर्व का बकाया नियत (मासिक) भत्ता का भुगतान केन्द्रीकृत रूप से PFMS के माध्यम ही करने हेतु Payment generate किये जाने का निर्देश दिया गया है। अबतक कुल 13,186 जनप्रतिनिधियों के बैंक खातों में पूर्व बकाया नियत (मासिक) भत्ता का भुगतान किया गया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभागीय संकल्प संख्या 2517 दिनांक 05.05.2015 के आलोक में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं एवं ग्राम कचहरी के निर्वाचित प्रतिनिधियों को नियत (मासिक) भत्ता का भुगतान किया जाता है। नियत (मासिक) भत्ता बढ़ाये जाने से संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है।

**डॉ. जयसवाल ने आंदोलित जनप्रतिनिधियों की मांग के अनुरूप मानदेय भत्ता में वृद्धि किए जाने तथा बकाया राशि का शीघ्र भुगतान की व्यवस्था किए जाने की मांग की है।**



# लालू यादव के करीबी की गिरफ्तारी, सम्राट का तंज

पटना। बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कत्याल की गिरफ्तारी पर लालू परिवार पर तंज कसा है। सम्राट ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में जो लोग भी अपराधी होंगे उनकी गिरफ्तारी तय है। यदि अपराध किया है तो गिरफ्तारी होगी चाहे वह कोई भी हो।

उल्लेखनीय है कि रेलवे में नौकरी देने के बदले जमीन और फ्लैट रजिस्ट्री कराने के मामले में लालू परिवार पर ईडी का शिकंजा कसता जा रहा है। ईडी की टीम ने शुक्रवार को लालू के करीबी कारोबारी अमित कात्याल को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। अमित कात्याल ने राबड़ी सरकार के समय पटना में बीयर की फैक्टरी लगाई थी।

बाद में उसने कंपनी एके इंफोसिस्टम को तेजस्वी यादव और राबड़ी देवी के नाम कर दिया था। अब ईडी के इस एक्शन पर बिहार की सियासत भी गरमा गई है। बिहार में सत्ताधारी दल के लोग आरोप लगा रहे हैं कि चुनाव के नजदीक आते ही केंद्र सरकार विरोधियों के खिलाफ ईडी का इस्तेमाल कर रही है।

# नवादा जेल में डीएम एसपी ने की छापेमारी, दिए गए निर्देश

नवादा। नवादा मंडल कारा में शनिवार को डीएम आशुतोष कुमार वर्मा व एसपी अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में सघन छापेमारी की गई. इस दो घंटो की छापेमारी में पुलिस ने जेल के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली है. वहीं पुलिस ने छापेमारी के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं किया।

इस छापेमारी में बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल हुए. सभी जवानों ने मिलकर जेल के एक-एक वार्ड और शौचालयों की सघन तलाशी ली। जवानों ने छापेमारी के दौरान जेल के भीतर सभी वार्डों को खंगाला लेकिन किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुई। इस छापेमारी के दौरान मंडल कारा में कैदियों के बीच हड़कंप की स्थिति बनी रही।

तकरीबन दो घंटे तक चली छापेमारी में जेल के चप्पे-चप्पे तक की तलाशी ली गयी. जेल के किसी कोने को नहीं छोड़ा गया है. इस छापेमारी के दौरान टीम में डीएम और एसपी के अलावा डीसीसी दीपक कुमार मिश्रा, एसडीओ अखिलेश कुमार, डीएसपी विजय कुमार, जेल सुपरिंटेंडेंट अजीत कुमार, इसके अलावा भी बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।



इस समय नवादा की मंडल कारा में 1084 कैदी बंद है ।जिसमें पुरुष की संख्या 1040 है, तो महिला की संख्या 44 है। वहीं 4 साल का 6 बच्चे भी जेल में कैद है। जेल सुपरिंटेंडेंट को बेहतर व्यवस्था के लिए डीएम ने कई निर्देश दिए। बताया जाता है कि मुख्यालय के निर्देश पर डीएम- एसपी के नेतृत्व में यह छापेमारी की गई है।

नवादा के एसपी अमरेश राहुल ने बताया कि राज्य मुख्यालय के आदेश पर यह छापेमारी की गई। ताकि अपराधियों द्वारा जेल में फोन रखकर अपराध को बढ़ावा देकर कोई अपराधना करा बैठे।

## जनक राम को मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेदारी

**पटना।** प्रदेश भाजपा ने मीडिया विभाग की नई टीम की घोषणा की है। इसके अनुसार बिहार सरकार में पूर्व मंत्री और भाजपा एमएलसी जनक राम चमार को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। प्रदेश भाजपा ने उन्हें पार्टी मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा के अनुसार जनक चमार के साथ पूर्व विधायक मनोज शर्मा को मीडिया विभाग का प्रभारी बनाया गया है। दानिश इकबाल को मीडिया विभाग का संयोजक बनाया गया है। जनक चमार लम्बे समय से पिछड़ों की राजनीति करते आ रहे हैं। वह हर मुद्दे पर निर्भिक होकर अपनी बात रखते है। जनक चमार को यह जिम्मेवारी सौंप कर पार्टी के नेताओं ने पिछड़ों में पकड़ मजबूत करने की कोशिश है।

दु:खद | स्कॉर्पियो ने मारी थी ठोकर, एनएच पर गिर पड़े लोग

# तीन लोगों को ट्रक ने कुचला, एक की मौत

बेगूसराय। राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच)-31 के बेगूसराय-जीरोमाइल खंड पर रविवार की अहले सुबह स्कॉर्पियो की टक्कर से सड़क पर गिरे तीन लोगों को पीछे से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया। जिसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना जीरोमाइल सहायक थाना क्षेत्र के बथौली ढ़ाला के समीप की है। मृतक महिला की पहचान मुंगेर जिला के सीतारामपुर नजीर गांव प्रदीप सिंह की पत्नी संजू देवी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मुंगेर जिला के सीतारामपुर नजीर गांव से महिला सहित तीन फुटकर दुकानदार अहले सुबह सब्जी लाने मैजिक से समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय जा रहे थे।



इसी दौरान एनएच पर बथौली के समीप स्कॉर्पियो ने मैजिक में पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे मैजिक पर सवार महिला सहित तीनों लोग एनएच पर गिर गए। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक सड़क पर गिरे सभी लोगों को ठोकर मारते हुए फरार हो गया। स्थानीय लोगों के प्रयास से तीनों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां कि चिकित्सकों ने प्रदीप सिंह की पत्नी संजू देवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि पुसो मंडल एवं गौतम मंडल को सदर अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। लेकिन गौतम मंडल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया। फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही घायल और मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंचे हैं। मृतका के शव को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।







# पुआल में छुपाए गए युवक का शव पुलिस ने किया बरामद

**मृतक युवक के आंख से गिरा था खून**

**हत्या है या दुर्घटना जांच में जुटी पुलिस**


**डीएसपी ने कहा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा**



मोतिहारी। जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के गायघाट घटुली शिव मंदिर के समीप पुआल से एक युवक का शव पुलिस ने शनिवार को बरामद किया है। मृतक युवक उजैन लोहियार के बृज किशोर मिश्र के पुत्र चंचल मिश्र बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार चंचल अपराधिक छवि का युवक था। हाल में ही पुलिस ने उसे गायघाट निवासी पूर्व ग्रामीण मवेशी चिकित्सक छोटेलाल प्रसाद व चिरान मिल मालिक संजय सिंह के घर पर पर्चा चिपका कर रंगदारी मांगने के मामले में चिन्हित किया था।

स्थानीय लोगो के अनुसार चंचल घटुली गांव के धनकि टोला में करीब 10 दिन से देखा जा रहा था।उसके आंख से खून गिरा पाया गया है। आशंका व्यक्त किया जा रहा है की उसकी हत्या कर शव को पुआल में छुपाया गया है।

वही सूचना पर मौके पर पहुंचे अरेराज डीएसपी रंजन कुमार, थानाध्यक्ष रंजय कुमार व पुलिस बल ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



डीएसपी ने बताया कि हत्या है या दुर्घटना पोस्टमार्टम के बाद ही खुलासा होगा। खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजनो की ओर से पुलिस को कोई आवेदन प्राप्त नही हुआ है।

# बगहा से राजधानी पटना तक रेल परिचालन के लिए दिनेश अग्रवाल केन्द्रीय रेल पदाधिकारियों से मिले

**बीएनएम@बगहा**



वाल्मीकि नगर संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत बगहा से राजधानी पटना के लिए रेल सेवा, बगहा रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण गाड़ियों के ठहराव और बगहा स्टेशन के विकास से संबंधित दर्जनों समस्याओं से दिल्ली स्थित भारतीय रेल के सभागार में तमाम आला अधिकारियों को निर्धारित बैठक में गुरुवार को अवगत कराया हूँ। उक्त आशय की जानकारी स्वाभिमान ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने दी है।

उन्होंने शनिवार को बताया कि भारतीय रेल के सभागार में तमाम आला अधिकारियों के बीच बैठकर यहां की समस्याओं को रखने का अवसर मिला है। बैठक के दौरान रेल गाड़ी के परिचालन, समय पालन,बगहा से राजधानी पटना के लिए सीधी रेल सेवा, बगहा में कई महत्वपूर्ण गाड़ियों के ठहराव से लेकर स्टेशन के विकास से संबंधित दर्जनों समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया हूं ।

उन्होंने बताया कि बगहा नरकटियागंज रेलखंड के बीच प्रमुख स्टेशनों के विस्तार और यात्री सुविधाओं के विकास को लेकर फंड जारी करने सहित समस्त समस्याओं के निकट भविष्य में समाधान का भी आश्वाशन मिला है।

**यादें** | 135वीं जयंती पर याद किये गये देश के प्रथम शिक्षा मंत्री

# मौलाना अबुल कलाम आजाद को दी श्रद्धांजलि



मोतिहारी। जिला कांग्रेस कार्यालय बंजरिया पंडाल में शनिवार को जिलाध्यक्ष ई. शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय की अध्यक्षता में देश के प्रथम शिक्षा मंत्री, भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135वीं जयंती मनाई गई।

मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि मौलाना आजाद स्वतंत्रता संग्राम के एक महत्वपूर्ण स्तंभ थे, वे स्वतंत्रता सेनानी के साथ एक कुशल राजनीतिज्ञ और शिक्षाविद भी थे।उनका व्यक्तित्व हमेशा से हम सबो को प्रेरित करता रहेगा।मौलाना आजाद ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद शिक्षित भारत की आधारशिला रख शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने और इसे सभी के लिए सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आजाद सदैव शिक्षा को भारत के विकास का आधार माना। उन्होने शिक्षा को समान व सर्वसुलभ बनाने पर जोर दिया।उनके कार्यकाल में ही प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य और निशुल्क बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ ही मौलाना अबुल कलाम आजाद ने विश्वविद्यालय शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई संस्थानों की स्थापना भी की। इसलिए आज का दिन राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में भी मानते हैं।

मौके पर कांग्रेस नेता प्रो. विजयशंकर पाण्डेय, मुमताज अहमद,अखिलेश्वर प्रसाद यादव उर्फ भाई जी, डॉ. ज्याउल हक, संजीव सिंह उर्फ टुन्नी सिंह, मुनमुन जयसवाल, ऋषि सिंह, किरण कुशवाहा,सदरे आलम, अरुण प्रकाश पांडे, राम प्रवेश तिवारी,साबिर हुसैन, आशीष रंजन, मनीष तिवारी, मदन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।





उत्सव

## प्रदूषणमुक्त दीपावली मनाने की अपील

बीएनएम@केसरिया। महात्मा बुद्ध सेवा संस्थान के द्वारा दीपावली की पूर्व संध्या पर शनिवार को बौद्ध स्तूप परिसर में सैकड़ों कैंडल जलाये गये। इस अवसर पर संस्थान के सदस्यों ने कैंडल जलाकर क्षेत्र के उन्नति की कामना की। अध्यक्ष सीताराम यादव ने कहा कि प्रकाश पर्व दीपावली समाज को कई संदेश देता है। यह पर्व आपसी भाईचारा को बढ़ाता है। साथ हीं अंधकार को दूर कर जीवन में उजाला लाने का परिचायक है। वहीं सचिव राकेश कुमार रत्न ने लोगों से प्रदूषणमुक्त दीपावली मनाने की अपील की। मौके पर राजकुमार प्रसाद, रामाधार राय, विजय जायसवाल, सहेंद्र प्रसाद यादव, अरुण गिरी, आलोक कुमार, प्रफुल्ल कुँवर, रवींद्रनाथ कुशवाहा, लालबाबू राम, उमेश प्रसाद कुशवाहा, राजन यादव, नवल पासवान सहित अन्य मौजूद थे। इधर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में बौद्ध स्तूप परिसर स्थित राजमाता मंदिर में दीपोत्सव मनाया गया।

# छठ पर्व पर साफ-सफाई की करें व्यवस्था : जिलाधिकारी



बेतिया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि कहा कि दीपावली एवं छठ महापर्व को लेकर जिले के सभी एसडीएम, नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया सहित सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी तथा सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखना है। छट घाटों की प्रॉपर सफाई अतिआवश्यक है। साथ ही घाटों तक जाने वाले मार्ग अगर क्षतिग्रस्त हैं, तो उसे मोटरेबल भी कराना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य में लापरवाही नहीं बरतनी है। उन्होंने कहा कि महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर छट घाटों पर पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम का अधिष्ठापन कराना सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही अस्थायी शौचालय का निर्माण भी कराया जाय। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित प्रत्येक छठ घाटों का फिजिकल वेरिफिकेशन करेंगे। बांस आदि के माध्यम से घाटों की गहराई का आकलन कर लेंगे। खतरनाक घाटों पर फ्लैक्स, बैनर का अधिष्ठापन कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि दुर्घटना की संभावना नहीं रहे।

## मार्ग संस्था द्वारा आयोजित 10 दिवसीय स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर का समापन



बेतिया। शनिवार 12 नवंबर 2023 को पश्चिमी चंपारण जिले के सिकटा प्रखंड के बलथर पंचायत के आर्या नगर गांव में मल्टिपल एक्सन रिसर्च ग्रुप - मार्ग संस्था द्वारा 28 समता वोलेंटियर्स के लिए चलाए जा रहे 10 दिवसीय स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया।

मौके पर बलथर थाना के सब इंस्पेक्टर दिनबन्धु सिंह, संदीप कुमार ,सहित मार्ग संस्था के प्रोग्राम सहायक अजय सोनी, ट्रेनर शुभम श्रीवास्तव, नगीना देवी, रंजीत यादव, आसमां खातुन सहित स्थानीय समाजसेवी गण उपस्थित हुए।

मार्ग संस्था पिछले एक साल से चनपटिया, गौनाहा, पूर्वी चंपारण गोपालगंज एवं सिवान जिले में सामुदायिक न्यायकर्ताओं के माध्यम से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ावर्ग, महिला, मजदूर, विकलांग, आदि के बीच में कानूनी जागरूकता अभियान शिविर आयोजित कर रहा है, जिसमें घरेलू हिंसा, यौन हिंसा, भ्रुणहत्या, बाल मजदूरी, बाल विवाह, छुआछुत, भेदभाव, जाती प्रथा, समानता आदि विषयों पर जानकारी दिया जाता है

इसी क्रम में आज स्वरोजगार के नए अवसर तैयार कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु यह प्रशिक्षण शिविर लगातार दस दिनों तक चलया गया,, जिसका आज समापन किया गया

मार्ग संस्था पिछले एक साल से चनपटिया, गौनाहा, पूर्वी चंपारण गोपालगंज एवं सिवान जिले में सामुदायिक न्यायकर्ताओं के माध्यम से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ावर्ग, महिला, मजदूर, विकलांग, आदि के बीच में कानूनी जागरूकता अभियान शिविर आयोजित कर रहा है, जिसमें घरेलू हिंसा, यौन हिंसा, भ्रुणहत्या, बाल मजदूरी, बाल विवाह, छुआछुत, भेदभाव, जाती प्रथा, समानता आदि विषयों पर जानकारी दिया जाता है।

# हथियार संग एक दबोचा, दो फरार


बीएनएम@मोतिहारी

जिले के कोटवा थाना क्षेत्र स्थित बनबीरवा के समीप ग्रामीणों ने पिस्टल के साथ एक युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है ।बताया गया है, कि युवक को जहां से पकड़ा गया है, वहां कुछ दिन पूर्व दो सगे भाई की हत्या हुई थी।

मिली जानकारी के अनुसार आक्रोशित ग्रामीणो ने अपराधियो की नई स्प्लेंडर बाइक को बुरी तरह कूच डाला ।स्थानीय ग्रामीणो ने बताया कि अपराधी तीन की संख्या में थे ।एक को पकड़े जाने पर उसके दो सहयोगी मौके से फरार हो गये ।पकड़े गये युवक की पहचान पिपराकोठी थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव निवासी सिकन्दर कुमार के रूप में हुई है। जबकि मौके से फरार एक युवक महारानी बैरिया का सोनू कुमार बताया जा रहा है ।वही तीसरे युवक की पहचान पुलिस करने में जुटी है।



**इस बाबत कोटवा थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह का कहना है कि मोबाइल खरीदने आये युवको के पास पिस्टल देख मोबाइल विक्रेता मुन्ना कुमार ने शोर मचाते हुए स्थानीय लोगो के सहयोग से एक युवक को पकड़ लिया , जिससे पूछताछ की जा रही है।**








BORDER NEWSMIRROR

Sunday 12 November 2023

# Editorial

## आलोकित सजीव भारत हो !

इतिहास गवाह है कि अंधकार के साथ मनुष्य का संघर्ष लगातार चलता चला आ रहा है । उसकी अदम्य जिजीविषा के आगे अंधकार को अंततः हारना ही पड़ता है । वस्तुतः सभ्यता और संस्कृति के विकास की गाथा अंधकार के विरुद्ध संघर्ष का ही इतिहास है । मनुष्य जब एक सचेत तथा विवेकशील प्राणी के रूप में जागता है तो अंधकार की चुनौती स्वीकार करने पर पीछे नहीं हटता। उसके प्रहार से अंधकार नष्ट हो जाता है । संस्कृति के स्तर पर अंधकार से लड़ने और उसके प्रतिकार की शक्ति को जुटाते हुए मनुष्य स्वयं को ही दीप बनाता है । उसका रुपांतरण होता है । आत्म-शक्ति का यह दीप उन सभी अवरोधों को दूर भगाता है जो व्यक्ति और उसके समुदाय को उसके लक्ष्यों से विचलित करते हैं या भटकाते हैं । सच कहें तो मनुष्य की जड़ता और अज्ञानता मन के भीतर पैठे अंधकार के ऐसे प्रतिरुप हैं जो खुद उसकी अपनी पहचान को आच्छादित किए रहते हैं । वे हमारे नैसर्गिक स्वभाव को विकृत कर किसी दूसरे पराए रुप को अंगीकार करने के लिए उद्यत करते हैं । इस प्रसंग में उल्लेखनीय है कि सभ्यता के स्तर पर औपनिवेशिक काल में भारत को एक ऐसे पराये सांचे में ढाला गया जो उसकी सांस्कृतिक आत्म-विस्मृति का कारण बना। वेश–भूषा, सोचने-समझने के तौर तरीके, ज्ञान के स्वरुप, आचार-विचार के मानक और मूल्य-बोध आदि सभी क्षेत्रों में इस दौरान भारी उलटफेर हुआ । यह तथ्यों से भलीभांति प्रमाणित है कि उसके पीछे अंग्रेजों के निजी स्वार्थ काम कर रहे थे और योजनाबद्ध ढंग से उन्होंने भारत के आर्थिक संसाधनों का घोर शोषण और दोहन किया । पर अपने प्रभाव को दूरगामी बनाने के उपकरण के तौर पर शिक्षा, कानून और प्रशासन का जाल एक मजबूत सांचे में ढाला । इस तरह व्यवस्था के जिस शिकंजे में उन्होंने हमें जकड़ा उसे उपकार कहते हुए लाद दिया और उसका भार ढोते रहने की विपत्ति कुछ इस तरह सिर पर आ पड़ी कि देश अभी तक उबर नहीं सका है। अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही हमारी न्याय व्यवस्था इस शिकंजे का एक ज्वलंत उदाहरण है ।

## दीपावली एक उत्प्रेक्षा है

प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव



दीपावली एक मंगल है। दीपावली एक उत्प्रेक्षा है। उस बहाने हम जीवन के रंग-बिरंगे पहलुओं पर सोच पाते हैं। ऐसे पर्व जीवन को उत्सव बना देते हैं। आजकल 'उत्सव' शब्द काफी चला हुआ लगता है परंतु मनुष्य की उत्सवधर्मिता का अंत नहीं। बाहरी और भीतरी दोनों तरह के प्रसंग जीवन को गतिशील उत्सव में बदल देते हैं। बाहर के मेले के साथ भीतर का मेला। लिखी जा रही बाहरी कविता और अलिखित भीतरी कविता दोनों इस दीपावली को उत्प्रेक्षा देते हैं। एक रूपक निरंतर चलता रहता है। अंधेरे और उजाले के द्वंद्व के रूप में। दोनों के उपयोग हैं। यदि उजाला न हो जीवन का संसार न चले और उजाला चकाचौंध में बदल जाए तो जीना मुश्किल। अंधेरा ही अंधेरा हो क्लोरोफिल न बने, जीवन असंभव हो जाए और रात को शांत अंधेरा न हो तो सुकून न मिले। अंधेरे-उजाले की धूप छांव से क्षण-क्षण की नूतनता बनती है। परिवर्तनशीलता निर्मित होती है। अंधेरे को कलात्मक व बनाएं। उसकी उपयोगिता है। निखिल विश्व में जो कुछ भी है उसकी अर्थवत्ता है। बगैर अंधेरे की अर्थवत्ता जाने उजाले को मूल्यवान नहीं बनाया जा सकता। लघुताएं महत्वपूर्ण होती जा रही हैं। उनको भावपूर्ण तरीके से ग्रहण करना होगा। लघु मानव ही इस समय का महामानव है। लघुदीप हमारे रास्तों को जगमग कर देता है। यह समय आम आदमी का है। मैंगो मैन का है। उसको अलक्षित करके शीर्ष का व्यक्ति भी धराशायी हो सकता है। कृषि का सम्मान आम आदमी का सम्मान है। कृषि पूरे विश्व में संघर्षशील पेशा है और अनेक बार दयनीयताओं से आक्रांत। इसीलिए भारत में कृषक के जीवन में अपेक्षाकृत अंधेरे ज्यादा हैं तथा अमेरिका वगैरह पश्चिमी देशों में सब्सिडी के आधार पर चलने के लिए बाध्य। लेकिन दीपावली और छठ कृषि संस्कृति के ही उत्सव है। जिनकी वजह से यह रंग हमारे जीवन में आता है। उनके जीवन का रंग भी हमें ध्यान में रखना चाहिए। यदि खलिहान में जगमगर नहीं है तो दीए में तेल कहां से आएगा? झालर में बिजली के लट्टू कहां से लगेंगे ? वास्तव में खलिहान की देवी ही लक्ष्मी है, जो दीपावली का हेतु है। दीपावली इस धरती को और लभ्य बनाती है। वर्षों से हमने उजियारे की चाह में, उसके पथ पर चलते हुए हार्दिक स्नेह से इसे जोड़ा है। बदरंग और उजास आकारों को इसने काव्यात्मक बनाया है। इसने हमारे आंतरिक 'स्वयं' को गरिमा दी है। अज्ञेय के शब्दों में- 'यह दीप अकेला गर्व भरा मदमाता, इसको भी पंक्ति को दे दो।' गौतम बुद्ध ने 'अप्प दीपो भव' कहा। रोशनी हमें जामुनी सुगंध से भर देती है दीपावली में। यह एक तरह से पृथ्वी का बखान है, इस अपरिहार्य पृथ्वी के फलों का विविध स्वाद। दीपावली हमारी आकांक्षाओं को गति देती है। अगाध प्रेम और आत्मीयता को मुकुलित करती हुई। महावीर व राम का स्वागत खट्टे-मीठे अनुभवों की प्रस्तावना है। अपने पुरखों का अन्तर्गान है। नवरात्र की शक्ति, विजयादशमी का अन्याय विरोध दीपावली में उजास की पुनीतता में परिवर्तित हो जाता है या नव आकार ले लेता है। इस दुनिया से लगाव भी जरुरी है विरत जाने के विचार से परे इस दुनिया को बेहतर बनाना भी तभी होगा जब हम इसे प्यार करेंगे। सच्चा प्यार पृथ्वी का उत्सव है और वही आंतरिक उजाला है। दीपावली की रात में गांव में जो 'दलिद्दर' खेदा (भगाया) जाता है उसका केवल रीतिगत महत्व नहीं, वह एक तरह से वैज्ञानिक व सांस्कृतिक बहुलता की सोच पर आधारित है। जब आपके खलिहान में अनाज होगा, घर में सुखशांति होगी तो 'दलिद्दर' (दरिद्रता) अपने आप चली जाएगी।

**(लेखक, चर्चित कवि-साहित्यकार, नाट्यकर्मी, संस्कृति-चिंतक तथा नव नालंदा विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं। )**

Today's Opinion

## प्रकाश सनातन ज्योतिर्गमय की आकांक्षा



**हृदयनारायण दीक्षित**

प्रकृति विराट है। अनंत आयामी है। बहुरूपवती है। यह सदा से है। प्रतिपल नए रूप में होती है। सभी रूप दर्शनीय हैं लेकिन इसकी श्रेष्ठतम अभिव्यक्ति प्रकाश है। छान्दोग्य उपनिषद् के अनुसार 'प्रकृति का समस्त सर्वोत्तम प्रकाश रूप है।' सूर्य प्रकृति का भाग हैं। वैदिक वांग्मय में देवता हैं। सहस्त्र आयामी प्रकाशदाता हैं। जहां जहां प्रकाश की सघनता वहां वहां दिव्यता। वैदिक पूर्वज प्रकृति में भरी पूरी प्रकाश ऊर्जा का केन्द्रक न्यूक्लियस जानना चाहते थे- पृच्छामि त्वां भुवनस्य नामिः?। जिज्ञासा बड़ी है। कठोपनिषद्, मुण्डकोपनिषद् व श्वेताश्वतर उपनिषद् में उसी केन्द्र की बात कही गई है 'उस केन्द्र पर सूर्य प्रकाश नहीं। चन्द्र किरणों का भी नहीं। न विद्युत और न अग्नि लेकिन उसी एक ज्योति केन्द्र से यह सब प्रकाशित है।' अष्टावक्र ने राजा जनक को बताया कि वही एक ज्योति-ज्योर्तिएकं है। प्रकाश प्राचीन भारतीय दर्शन व विज्ञान की सनातन प्यास है। प्रकाश और ज्ञान पर्यायवाची हैं। अज्ञान अंधकार भी साथ साथ। वृहदारण्यक उपनिषद् के ऋषि ने प्रार्थना की 'तमसो मा ज्योतिर्गमय, असतो मा सद्गमय' - हम अंधकार से प्रकाश व असत् से सत की ओर चलें। गीता में अर्जुन ने विराट रुप देखा, बोला 'दिव्य सूर्य सहस्त्राणि-सहस्त्रों सूर्यों का प्रकाश देख रहा हूं।' इसके पहले ऋग्वेद (10.156.4) के ऋषि ने कहा 'जन-जन को प्रकाश से भरने के लिए ही अग्नि ने अमर सूर्य को आकाश में बैठाया है।' प्रकाश उपास्य है और भारत की सनातन ज्योतिर्गमय आकांक्षा है। इसी का सांस्कृतिक आयोजन दीपावली है। दीपावली निराला प्रकाश पर्व है। रात्रि प्रकाशहीनता है। चन्द्र का अपना प्रकाश नहीं। वे सूर्य से प्रकाशित हैं। वे रात्रि में प्रकाश देने का प्रयास करते दिखाई पड़ते हैं। घटते बढ़ते हुए। पूर्णिमा पूर्ण है। पूर्वजों ने प्रत्येक पूर्णिमा में उल्लासपूर्ण प्रकाश अनुभूति देखी। शरद पूर्णिमा उल्लासपूर्ण उत्सव हो गई। शरद पूर्णिमा के ठीक 15 दिन बाद पूर्ण अंधकार वाली कार्तिकी अमावस्या। तब अंधकार भी अंधकार में अदृश्य रहता है। पूर्वजों ने इसी अमावस्या को झमाझम प्रकाश पर्व बनाया। भारत का शाब्दिक अर्थ प्रकाशरत है। भा का अर्थ प्रकाश और रत का अर्थ संलग्नता। दीपपर्व का मुख्य आयोजन अमावस्या की रात्रि होता है। अनेक मान्यताएं हैं। पूर्वजों ने इसे मधुमय आयोजन बनाया है। श्रीराम लंका विजय के बाद अयोध्या लौटे उनका स्वागत सहस्त्रों दीपों द्वारा हुआ था। 12 वर्ष के वनवास व एक वर्ष के अज्ञातवास के बाद पांडवों की वापसी हुई। कुछ लोग इसे भी दीपपर्व से जोड़ते हैं। दीपपर्व का उल्लेख पद्म पुराण व स्कंध पुराण में भी है। कठोपनिषद् में यम और नचिकेता के मध्य संसारी धन संपदा व वास्तविक ज्ञान पर प्रश्नोत्तरों की स्मृति को भी दीपपर्व से जोड़ा जाता है। इतिहासकार अलबेरुनी ने भी दीपावली का उल्लेख किया है। दीपपर्व का प्रकाश आनंद अचानक नहीं खिला। भारतीय परंपरा में दीपपर्व की निरंतरता है। 7वीं शताब्दी के संस्कृत नाटक नागनंद में इसे 'दीपप्रति पादुत्सव' कहा गया है। 9वीं शताब्दी में राजशेखर ने काव्य मीमांसा में इसे दीपमालिका कहा है। इस पर्व की देवी श्रीलक्ष्मी हैं। कहा जाता है कि उन्होंने इसी रात पति रुप में विष्णु का वरण किया। लक्ष्मी और विष्णु का रुपक बड़ा प्यारा है। दोनो क्षीर सागर में सांप शैय्या पर हैं लेकिन शांत हैं। 'शान्ताकारं भुजग शयनं' आश्चर्यजनक है-सांप पर लेटना और शांत रहना। इसीलिए धन की देवी लक्ष्मी रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि के विवेकाधीन कोष की स्वामी हैं। ऋग्वेद में समृद्धि भी देवी है। उनसे स्तुति है 'सामान्य धनी दोगुनी, तीन गुनी चार गुनी संपत्ति चाहते हैं। धन का निजी हित में प्रयोग करने वाले दण्डनीय हैं।' यहां धन के सामाजिक उपयोग पर जोर है। पश्चिमी अर्थशास्त्र में उद्यमी को 'साहसी' कहा गया है और लाभ को साहस का पुरस्कार। 'शुभ लाभ' भारतीय चिन्तन का विकास है। लाभ में टैक्सचोरी, मिलावट आदि भी है। शुभ लाभ में यह तत्व नहीं होते। प्रकाश राष्ट्रधर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का संधान है। धन समृद्धि और ज्ञान प्रकाश पर भारत के प्रत्येक जन का अधिकार है। संप्रति देश के प्रत्येक गांव में विद्युत प्रकाश है। प्रत्येक घर को प्रकाशित करना कर्तव्य है।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन नः-06252-296796,
प्रसार:-9470050309 ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

BNM
BUSINESS
Sunday 12-11-2023





## अमेरिका दौरे पर पीयूष गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने के लिए 13 से 16 नवंबर तक अमेरिका के सैन-फ्रांसिस्को का दौरा करेंगे। इस दौरान गोयल इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) की मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लेने के साथ आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में समझौते पर बातचीत करेंगे।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में तेजी का रुख, एथेरियम 2 हजार डॉलर के पार

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज तेजी का माहौल बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 7 करेंसीज आज बढ़त के साथ और 3 गिरावट के साथ कारोबार करती नजर आ रही हैं। इनमें से दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन मामूली बढ़त के साथ 37 हजार डॉलर के करीब पहुंच कर कारोबार कर रहा है। वहीं, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत आज जोरदार छलांग लगाकर 2 हजार डॉलर के स्तर को पार कर गई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 36,855.27 डॉलर यानी 30.71 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत आज 9.88 प्रतिशत की मजबूती के साथ उछल कर 2,097.11 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा बीएनबी 1.44 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, कार्डानो 1.02 प्रतिशत, सोलाना 5.14 प्रतिशत और ट्रॉन 10.67 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, टेथर 0.04 प्रतिशत, एक्सआरपी 5.13 प्रतिशत और डोजेकॉइन 1.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 2.37 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 1.41 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 117.49 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में मजबूती आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी तेजी दर्ज की गई है।



# उतार चढ़ाव के बीच मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 60 हजार करोड़ का मुनाफा




बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार चौथे दिन लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान जारी रहने की वजह से उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही। हालांकि इस उतार चढ़ाव के दौरान आखिरी घंटे के कारोबार में खरीदार हावी हो गए, जिसके कारण शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ हरे निशान में बंद होने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.11 प्रतिशत और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल, रियल्टी और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के शेयर मजबूती के साथ बंद हुए। आईटी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आया। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आखिरी घंटे में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 60 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 320.31 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 319.71 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 60 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,820 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें जहां 1,918 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए और 1,767 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 135 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,114 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,111 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,003 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर बढ़त के साथ और 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान में और 20 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 76.09 अंक की कमजोरी के साथ 64,756.11 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद से ही बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। बिकवाली के दबाव में शुरुआती कारोबार में ही ये सूचकांक 251.25 अंक टूट कर 64,580.95 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद दोपहर 2 बजे तक बाजार में मजबूती के साथ कारोबार होता रहा। इसके बाद बिकवाली के दबाव की वजह से इस सूचकांक ने एक बार फिर तेजी से नीचे की ओर गोता लगाया। कारोबार के आखिरी घंटे में खरीदारों ने दोबारा मोर्चा संभाल लिया, जिसके कारण सेंसेक्स 72.48 अंक की मजबूती के साथ 64,904.68 अंक के स्तर पर बंद होने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एनटीपीसी 2.02 प्रतिशत, ओएनजीसी 1.66 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.26 प्रतिशत, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 1.09 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट 0.97 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। हीरो मोटोकॉर्प 2.16 प्रतिशत, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा 1.80 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजी 0.95 प्रतिशत, टाइटन कंपनी 0.83 प्रतिशत और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 0.65 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## कैट का दावा- धनतेरस पर 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का हुआ व्यापार

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। देशभर में धनतेरस का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। धनतेरस पर सोना-चांदी ख़रीदना बेहद शुभ माना जाता है। दीपों का त्योहार दिवाली के लिए आज से पंचदिवसीय दीप महोत्सव शुरु हुआ है। दिल्ली एनसीआर में सुबह से बारिश हो रही है लेकिन इसका असर ख़रीदारी करने वालों पर नहीं दिख रहा है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का कहना है कि देशभर में 50 हजार करोड़ रुपये से ज़्यादा का व्यापार हुआ जिसमें 30 हजार करोड़ रुपये का व्यापार तो सिर्फ सोना और चांदी का हुआ है। कारोबारी संगठन कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने शुक्रवार को कहा कि देशभर में 50 हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा का व्यापार हुआ। खंडेलवाल ने कहा कि अकेले दिल्ली में ही 5 हजार करोड़ रुपये के व्यापार हुआ है। उन्होंने कहा कि आज गणेश जी, लक्ष्मी जी और कुबेर जी की मूर्तियां अथवा चित्रों को ख़रीदा जाता है। वहीं, आज के दिन वाहन, सोने चांदी के ज़ेवर, बर्तन, रसोई के उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुएं सहित झाड़ू ख़रीदने को भी शुभ माना जाता है। इसके अलावा दिवाली में दिए का प्रकाश करने हेतु मिट्टी के दीए, बंदनवार, घर एवं ऑफिस को सजाने की वस्तुओं, फ़र्निशिंग फैब्रिक, दिवाली पूजन सामग्री भी ख़ूब बिक रहे हैं। दीपोत्सव का यह त्योहार पांच दिनों तक चलेगा। धनतेरस के साथ आज इसकी शुरुआत हुई है। धनतेरस को धनत्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती भी कहते हैं। दिवाली त्योहार का यह पहला दिन होता है। इस दिन लोग देवी लक्ष्मी, भगवान कुबेर, भगवान गणेश और भगवान धन्वंतरि की पूजा करते हैं। इस दिन दीपदान भी किया जाता है। शनिवार को रूप चतुर्दशी है, 12 नवंबर को दिपावली, 13 नवंबर को गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट तथा 15 नवंबर को भैया दूज का त्योहार मनाया जाएगा। उसके बाद छठ का त्योहार आ जाएगा, जो अगले सोमवार को संपन्न होगा।

## पॉवेल के बयान से ग्लोबल मार्केट दबाव में, एशियाई बाजार भी टूटे

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से आज कमजोर संकेत मिल रहे हैं। महंगाई को लेकर दिए गए अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के गुरुवार के बयान के बाद वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान 1 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एशियाई बाजारों में आज लगातार बिकवाली का दबाव बना हुआ है। महंगाई के संबंध में जेरोम पॉवेल के बयान के बाद अमेरिकी बाजार में पिछले 8 कारोबारी दिन से लगातार जारी तेजी पर पिछले सत्र के दौरान ब्रेक लग गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में दिए अपने भाषण में पॉवेल ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका में महंगाई दर अभी भी लक्ष्य से अधिक है। इसलिए महंगाई के खिलाफ अभी और कदम उठाना जरूरी है। पॉवेल के इस बयान से अनुमान लगाया जा रहा है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व आने वाले दिनों में ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकता है। इस बयान के बाद वॉल स्ट्रीट के सूचकांकों में लगातार जारी तेजी थम गई और बिकवाली का दबाव बढ़ गया। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.81 प्रतिशत टूट कर 4,347.32 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 130.80 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13,519.62 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज 0.06 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 33,913.36 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.72 प्रतिशत की छलांग लगा कर 7,455.67 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 1.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,113.66 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

## बीएसई का दूसरी तिमाही में मुनाफा चार गुना उछल कर 118 करोड़ रुपये

मुंबई/नई दिल्ली। देश का प्रमुख शेयर बाजार बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। जुलाई-सितंबर तिमाही में बीएसई का मुनाफा चार गुना उछल कर 118 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बीएसई का शुद्ध लाभ 29.4 करोड़ रुपये रहा था। बीएसई ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि दूसरी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ चार गुना होकर 118 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बीएसई को 29.4 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। बीएसई के मुताबिक जुलाई-सितंबर तिमाही में एक्सचेंज का राजस्व 53 फीसदी बढ़ कर रिकॉर्ड 367 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 240 करोड़ रुपये था। इसी तरह इक्विटी खंड में एक्सचेंज का औसत दैनिक कारोबार बढ़कर 5,922 करोड़ रुपये हो गया, जो सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही में 4,740 करोड़ रुपये था।

BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...
BNM
खेल मिरर
7
Sunday 12-11-2023
BORDER NEWS MIRROR
Border's most vibrant Newspaper




# भारत में फुटबॉल अकादमी शुरु करेंगे ओलिवर काह्न

बीएनएम@मुंबई

मुंबई। जर्मनी और एफसी बायर्न म्यूनिख के दिग्गज ओलिवर काह्न भारत में अपनी अकादमी शुरु करेंगे। यह पहल महाराष्ट्र में प्रो 10 के साथ साझेदारी में साकार हुई है। इसका उद्देश्य देश में फुटबॉल के विकास में क्रांति लाना और इसकी विशाल क्षमता का दोहन करना है। ओलिवर काह्न अकादमी व्यापक फुटबॉल शिक्षा का केंद्र बनने के लिए तैयार है, जो न केवल खिलाड़ियों बल्कि अच्छी तरह से विकसित एथलीटों को तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। महत्वाकांक्षी योजना में पूरे भारत में फुटबॉल क्लबों और खेल अकादमियों और शैक्षणिक संस्थानों से जुड़ी अकादमियां स्थापित करना शामिल है। साथ ही, भारत के विभिन्न क्षेत्रों में गोलकीपर अकादमियां स्थापित की जाएंगी, जो गोलकीपिंग के लिए उत्कृष्टता केंद्र बनेंगी, जो अक्सर किसी भी सफल टीम की रीढ़ होती हैं। महाराष्ट्र में प्रो 10 के साथ साझेदारी इस पहल का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो ओलिवर काह्न अकादमी को इस क्षेत्र में एक मजबूत पकड़ स्थापित करने और फुटबॉल विकास के लिए एक मॉडल के रूप में काम करने में सक्षम बनाता है। योजना के बारे में ओलिवर ने कहा, "भारत फुटबॉल में काफी संभावनाओं वाला देश है। इस देश को खेल के विकास के लिए सही फुटबॉल शिक्षा, एक अनुशासित पाठ्यक्रम और विश्व स्तरीय सुविधाओं की आवश्यकता है। हमारा लक्ष्य भारत को बेहतर खेल वाला देश बनाना है और मुझे विश्वास है कि इस देश में वैश्विक फुटबॉल मंच पर फलने-फूलने की क्षमता है।" कौशिक मौलिक, (वरिष्ठ सलाहकार भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया, ओलिवर कान अकादमी और गोलप्ले) ने कहा, "हमें भारत में ओलिवर काह्न अकादमी और गोलप्ले अकादमी शुरु करने पर गर्व है। ओलिवर काह्न के उत्कृष्ट अनुभव और खेल के ज्ञान की बदौलत हम भारत के युवाओं को विश्व स्तरीय फुटबॉल शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे एकजुट प्रयासों का निश्चित रूप से भारतीय फुटबॉल पर लाभकारी प्रभाव पड़ेगा।






## विश्व कप क्वालीफायर के लिए कोलंबियाई टीम में शामिल हुए लुइस डियाज़

बोगोटा। ब्राजील और पैराग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए कोलंबियाई फुटबॉल टीम घोषित हो गई है। कोलंबिया के मैनेजर नेस्टर लोरेंजो ने लिवरपूल के विंगर लुइस डियाज़ को टीम में वापस बुलाया है। रिपोर्ट के अनुसार, डियाज़ के पिता लुइस मैनुअल डियाज़ को गुरिल्ला समूह द्वारा 13 दिनों की कैद के बाद रिहा किए जाने के कुछ ही घंटों बाद कोलंबियाई फुटबॉल फेडरेशन ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर टीम की घोषणा की। लोरेंजो ने प्रभावशाली साओ पाउलो के प्लेमेकर जेम्स रोड्रिग्ज और मिडफील्डर झोन एरियास का भी टीम में शामिल किया है, जो पिछले शनिवार को कोपा लिबर्टाडोरेस फाइनल में बोका जूनियर्स को हराने वाली फ्लुमिनेंस टीम के प्रमुख सदस्य थे। हालांकि अनुभवी येरी मीना, जुआन गुइलेर्मो कुआड्राडो और रेडमेल फाल्काओ को टीम में शामिल नहीं किया गया है। कोलंबिया का सामना 16 नवंबर को बैरेंक्विला में ब्राजील से और पांच दिन बाद असुनसियन में पराग्वे से होगा। कैफ़ेटेरोस वर्तमान में अपने पहले चार क्वालीफायर से छह अंकों के साथ 10-टीम दक्षिण अमेरिकी समूह में पांचवें स्थान पर है।

## विश्व कप के बाद सफेद गेंद क्रिकेट की कप्तानी छोड़ सकते हैं बाबर आजम

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम भारत से लौटने के बाद सफेद गेंद क्रिकेट की कप्तानी से इस्तीफा दे सकते हैं। पाकिस्तानी टीम का विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचना असंभव है, आज अगर वे इंग्लैंड के खिलाफ जीतने में कामयाब भी होते हैं, तो भी उनकी अंतिम चार की संभावना न के बराबर है। जियो न्यूज़ के अनुसार, बाबर अपने भविष्य के बारे में पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा और अपने करीबी लोगों से सलाह ले रहे हैं। जियो न्यूज़ के सूत्र ने आगे कहा कि बाबर का कप्तानी जारी रखने का फैसला लोगों से मिलने वाली सलाह पर निर्भर करेगा और उनके कुछ करीबी सहयोगियों ने उन्हें तीनों प्रारूपों में कप्तानी छोड़ने की सलाह दी है। शुक्रवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में ट्रेनिंग के दौरान आजम ने राजा से सलाह मांगी है। कप्तान बने रहने का निर्णय उनके देश लौटने पर लिया जाएगा। हालांकि बाबर विशेष रूप से अपने पिता से मिले सलाह को महत्व देते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान के अंतिम ग्रुप चरण मुकाबले से पहले, शुक्रवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बाबर से पूछा गया कि वह अपनी कप्तानी पर कब निर्णय लेंगे, तो उन्होंने जवाब दिया, "कप्तानी के बारे में - जैसा कि मैंने कहा, एक बार हम पाकिस्तान वापस जाएँ या इस मैच के बाद, हम देखेंगे कि क्या होता है। लेकिन अभी, मैं इस पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहा हूँ, मेरा ध्यान अगले मैच पर है।" उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि कप्तानी ने विश्व कप में उनके फॉर्म को प्रभावित किया है। बाबर ने कहा, "मैं पिछले तीन साल से अपनी टीम की कप्तानी कर रहा हूं और मैंने कभी ऐसा महसूस नहीं किया। यह सिर्फ इसलिए है क्योंकि मैंने विश्व कप में वैसा प्रदर्शन नहीं किया जैसा मुझे करना चाहिए था, इसीलिए लोग कह रहे हैं कि मैं दबाव में हूं। मैं किसी दबाव में नहीं हूं। मैं पिछले 2.5 या 3 साल से ऐसा कर रहा हूं। मैं ही प्रदर्शन कर रहा था और मैं ही कप्तान था।"



## एएसएसआई ने जीता सुपर 7 फुटबॉल लीग का खिताब

नई दिल्ली। एएसएसआई ने शुक्रवार को बालर्स एफए को पेनाल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान की सुपर 7 फुटबॉल लीग का खिताब जीत लिया है। संस्थान के प्राचार्य प्रो संदीप तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में विजेता टीम को ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया। टूर्नामेंट में अंडर 17 वर्ग (लड़कों) की कुल 24 टीमों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के आयोजन के प्रबंधन के लिए एम.पी.एड., बीएससी और बीपीएड पाठ्यक्रम के छात्र और छात्राओं ने प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी संभाली। यह प्रतियोगिता प्रो. समीरन चक्रवर्ती के निर्देशन में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में बालर्स एफए ने एसएस एफए को हराया था। सेमीफाइनल में एएसएसआई ने पेनल्टी शूटआउट में भगत सिंह एफए को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर समीरन चक्रवर्ती ने इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत कार्यरत सभी छात्रों को, कार्यक्रम के लिए आर्थिक मदद मुहैया करने वाले सभी स्पॉन्सर्स को एवं संस्थान के प्राचार्य महोदय को धन्यवाद कर कार्यक्रम का समापन किया।

# आरएफवाईएस ने बेंगलुरु सहित अन्य क्लबों के लिए तैयार किया खिलाड़ियों का मजबूत पूल : सुनील छेत्री

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने शुक्रवार को रिलायंस फाउंडेशन यूथ स्पोर्ट्स (आरएफवाईएस) फुटबॉल टूर्नामेंट की सराहना करते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट सही समय पर युवा प्रतिभाओं की पहचान कर रहा है और उनको अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान कर रहा है। छेत्री ने वर्तमान में अपने छठे सीजन में पहुंच चुके आरएफवाईएस टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धी की प्रशंसा की। उन्होंने इसे एक आदर्श मंच बताया है जिसका उपयोग युवा खिलाड़ी पेशेवर रूप से आगे बढ़ने के लिए कर रहे हैं। छेत्री ने आरएफवाईएस से बातचीत में कहा, "यह (आरएफवाईएस) महत्वपूर्ण है क्योंकि हम सही समय और उम्र में उनकी (प्रतिभाओं की) पहचान कर रहे हैं। साथ ही, टूर्नामेंट अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है। यह सभी लड़कियों और लड़कों को अपना कौशल दिखाने का उचित मंच देता है।" उन्होंने कहा, "कई ऐसे युवा फुटबॉलर हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है और अब वे बेंगलुरु एफसी और अन्य क्लबों के लिए खेल रहे हैं, इसलिए मुझे लगता है कि यह एकदम सही मंच है। मुझे उम्मीद है कि न केवल यह टूर्नामेंट, बल्कि कई अन्य टूर्नामेंट भी सामने आएंगे क्योंकि हमारे देश में बहुत प्रतिभाएं हैं।" बेंगलुरु एफसी में छेत्री के टीम साथी शिवशक्ति नारायणन इसका एक आदर्श उदाहरण हैं। यह 22 वर्षीय फॉरवर्ड आरएफवाईएस में खेल चुका है और वह 2022 में रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) के उद्घाटन संस्करण का भी हिस्सा था। शिवशक्ति ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2022-23 में ब्लूज़ के लिए एक असाधारण प्रदर्शन किया था। वह मुख्य कोच क्लिफोर्ड मिरांडा की देख-रेख में एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर खेल चुकी भारतीय टीम का कप्तान भी थे। इसके अतिरिक्त, हीरा मंडल (नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी), माकन विंकल छोटे (हैदराबाद एफसी), गुरनाज सिंह ग्रेवाल (ईस्ट बंगाल एफसी) जैसे आईएसएल खिलाड़ियों के साथ-साथ शिल्की देवी हेमम और मरियम्मल बालामुरुगन जैसी महिला फुटबॉलर भी आरएफवाईएस इको-सिस्टम से निकले हैं और पहले ही कई टूर्नामेंटों में भाग ले चुके हैं।



Sunday
12 November 2023

BNM Fantasy



# अनन्या पांडे ने खरीदा नया घर

बॉलीवुड एक्ट्रेस और एक्टर चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे ने मुंबई में अपना घर खरीदा है। इस बात की जानकारी उन्होंने फोटो शेयर करते हुए दी। उन्होंने अपने नए घर में धनतेरस के मौके पर पूजा की। महज 25 साल की उम्र में अनन्या ने मुंबई में अपना खुद का घर खरीदा है। अनन्या ने इंस्टाग्राम पर पूजा करते हुए अपनी एक फोटो और वीडियो शेयर किया है। पीली ड्रेस में अनन्या बेहद खूबसूरत लग रही हैं। "मेरा अपना घर!! एक नई शुरुआत के लिए आप सभी के प्यार और शुभकामनाओं की जरूरत है!!!" अनन्या ने तस्वीरों को कैप्शन दिया। हर कोई उनकी फोटो पर कमेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दे रहा है।

# क

*काजोल ने बेटी को अपना रवैया सुधारने की दी सलाह*

बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो पोस्ट कर अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। काजोल की बेटी निसा सोशल मीडिया पर भी काफी पॉपुलर हैं। काजोल ने आज अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर बेटी के बारे में एक पोस्ट शेयर किया। उनकी पोस्ट ने ध्यान खींचा है। लंबे समय से बड़े पर्दे से दूर काजोल एक बार फिर फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। द ट्रायल, लस्ट स्टोरीज-2 में अपनी परफॉर्मेंस से उन्होंने एक बार फिर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस दमदार वापसी को उनके फैंस ने खूब सराहा। अब काजोल की इंस्टाग्राम स्टोरी पर बेटी निसा को लेकर किया गया पोस्ट चर्चा में है। उन्होंने निसा को अपना रवैया सुधारने की सलाह दी, जिस पर काजोल ने बेटी का रिएक्शन सुनाया। मैंने अपनी बेटी से अपना रवैया सुधारने के लिए कहा। फिर उन्होंने मेरी तरफ देखा और कहा, “मेरे रवैये के बारे में शिकायत के लिए मेरे निर्माता (माता-पिता) से संपर्क करें।” उनके जवाब पर काजोल ने लिखा, “बहुत अच्छा, बहुत अच्छा जवाब।” इस बीच काजोल और उनकी बेटी निसा के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है। काजोल अक्सर बेटी के साथ फोटोशूट कराती हैं और तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर करती हैं। अब काजोल द्वारा किया गया ये पोस्ट वायरल हो रहा है।



# दूसरी बार मां बनेगी पॉपुलर एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा?

## *बेबी बंप के साथ का वीडियो वायरल*



बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली हमेशा चर्चा में रहते हैं। इस बीच एक खबर आई कि अनुष्का दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं। इस खबर पर अभी तक विराट और न ही अनुष्का ने कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस के दूसरी बार प्रेग्नेंट होने की चर्चाओं के बीच बेंगलुरु के एक होटल में दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक्ट्रेस का बेबी बंप साफ नजर आ रहा है। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली का यह वीडियो इंस्टाग्राम पर पैपराजी पेज पर शेयर किया गया है। इस वीडियो में विराट कोहली ने अपनी पत्नी का हाथ पकड़े हुए है और अनुष्का अपने बेबी बंप के साथ चलती नजर आ रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद दोनों के फैंस ने इस जोड़ी की जमकर तारीफें करनी शुरू कर दी हैं। इस वायरल वीडियो में अनुष्का शर्मा ने काले रंग की शिफ्ली ड्रेस पहनी हुई है। वीडियो के कमेंट सेक्शन में, नेटिज़न्स ने ‘...तो अनुष्का विश्व कप मैच देखने नहीं आ रही है, अनुष्का सौ फीसदी गर्भवती हैं’, ‘दोनों एक साथ बहुत अच्छे लग रहे है’,‘अनुष्का-विराट को शुभकामनाएं’ और आप अपने दूसरे बच्चे के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं” जैसे कई कमेंट्स दिए हैं। उल्लेखनीय है कि अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने 11 दिसंबर 2017 को इटली में शादी की थी। इसके बाद एक्ट्रेस ने 2021 में वामिका को जन्म दिया। इन दोनों ने अब तक वामिका का चेहरा मीडिया को नहीं दिखाया है। दंपति ने पपराज़ी से अनुरोध किया कि वे उनकी बेटी के जन्म के बाद उसकी तस्वीरें न लें। इस बीच विराट और अनुष्का दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, इसलिए विरुष्का के फैंस के बीच खुशी का माहौल है।